# KHAN G.S. RESEARCH CENTRE

Kisan Cold Storage, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna-6

Mob. : 8877918018, 8757354880

By : Khan Sir
(मानचित्र विशेषज्ञ)

Time : 8 to 9 AM


## PHYSICS

### सदिश तथा अदिश (Vector & Scalar)

☛ **अदिश राशि (Scalar Quantity) :** वैसी राशियाँ जिसमें केवल परिमाण होता है किन्तु दिशा नहीं होती है उसे अदिश राशि कहते हैं।

**जैसे**- द्रव्यमान, समय, दाब, ऊर्जा, क्षेत्रफल, आयतन लम्बाई, धारा इत्यादि।

- यह साधारण बीजगणित के नियमों का पालन करती है ।

**नोट :** धारा की दिशा होती है किन्तु वह सदिश के योग का नियम का पालन नहीं करता है।

☛ **सदिश राशि (Vector Quantity) :** वैसी राशियाँ जिनका परिमाप के साथ दिशा भी हो उसे सदिश राशि कहते हैं।

**जैसे**-विस्थापन, वेग, त्वरण, बल, संवेग, आवेग, विद्युत क्षेत्र की तीव्रता, चुम्बकीय क्षेत्र की तीव्रता, भार।

**Trick :** व / ब / ण

- विस्थापन, वेग, त्वरण, संवेग, आवेग, विद्युत ध्रुव, तीव्रता
- घर्षण, आघूर्ण, गुरुत्वाकर्षण

**अपवाद :** दाब, घनत्व, द्रव्यमान, विद्युत धारा, विभव


- यह साधारण बीजगणित के नियमों का पालन नहीं करती है ।

**सदिशों का निरूपण (Representation of a Vector) :** सदिशों को निरूपित करने के लिए किसी भी भौतिक राशि के ऊपर तीर के चिन्ह (→) का प्रयोग किया जाता है जहाँ तीर का माथा उसकी दिशा को बताता है तथा उसकी लम्बाई उसके परिमाण को बताता है ।

$\vec{A}$    $A$


सदिश    अदिश

- **सदिशों के जोड़ का नियम :** सदिश राशि को जोड़ने के लिए त्रिभुज नियम या समानान्तर चतुर्भुज का नियम का पालन करते हैं।
- **समांतर चतुर्भुज का नियम (Law of Parallelogram) :** यदि कोई दो सदिश A और B एक दूसरे से θ कोण पर हों तो उसके परिणामी का परिमाण–




$$\boxed{R=\sqrt{A^2+B^2+2AB\cos\theta}}$$

**1. 10 N का बल उत्तर दिशा में तथा 5N का एक बल पूरब दिशा में कार्य करता है। इनके बीच का परिणामी बल ज्ञात करें।**




$$\boxed{R=\sqrt{A^2+B^2+2AB\cos\theta}}$$

$$R=\sqrt{10^2+5^2+2\times10\times5\cos90}$$

$$=\sqrt{100+25+100\times0}=\sqrt{125+0}$$

$$=\sqrt{125}=\sqrt{25\times5}=5\sqrt{5}$$

**Remark : जब θ = 0° होगा तो परिणामी अधिकतम होगा।**

$$R=\sqrt{A^2+B^2+2AB\cos\theta}$$

$$=\sqrt{A^2B^2+2AB\cos\theta}$$

$$=\sqrt{A^2+B^2+2AB\times1}$$

$$=\sqrt{A^2+B^2+2AB}=\sqrt{(A+B)^2} \quad \boxed{R_{max}=(A+B)}$$

**Remark : जब θ = 180° होगा तो परिणामी न्यूनतम होगा ?**

$$R_{min}=\sqrt{A^2+B^2+2AB\cos180}$$

$$=\sqrt{A^2+B^2+2AB\times-1} \quad \boxed{\cos180=-1}$$

$$=\sqrt{A^2+B^2-2AB}=\sqrt{(A-B)^2}$$

$$\boxed{R_{min}=(A-B)}$$

* $\boxed{Rang=min\longrightarrow Max}$

Minimum से कम तथा Maximum से ज्यादा मान संभव नहीं है।

**Q. 10 N तथा 5 N के दो बल का परिणामी कभी भी नहीं होगा।**

(A) 8 N (B) 15 N (C) 12 N (D) 3 N ✔ (Min Range से कम है।)

**Sol$^n$ :** $Min = A - B$     $Max = A + B$

$= 10 - 5$     $= 10 + 5$

$= 5$     $= 15$

$Range = 5 \rightarrow 15$

**Q. दो बल जिनका मान समान है यदि इनका परिणामी भी सामान हो जाए तो इनके बीच का कोण ज्ञात करें।**

**Sol$^n$ :** $A = B = R$ (माना)     माना $R = x$

$$R=\sqrt{A^2+B^2+2AB\cos\theta}$$

$$x=\sqrt{x^2+x^2+2\times x\times x\cos\theta}$$

$$x=\sqrt{2x^2+2x^2\cos\theta},\quad x=\sqrt{2x^2(1+\cos\theta)}$$

Squaring Both Side, $x^2=2x^2(1+\cos\theta)$

$$\frac{1}{2}=1+\cos\theta$$

$$\frac{1}{2}-1=\cos\theta$$

$$-\frac{1}{2}=\cos\theta$$

$\cos\theta=\cos 120$

$\theta=120$

**Q. दो समान बल का परिणामी दोनों बलों के योग के बराबर है उनके बीच का कोण ज्ञात करें।**

**Sol$^n$ :** $A=B=x$ (माना)

$R=A+B$

$=x+x=2x$

$$R=\sqrt{A^2+B^2+2AB\cos\theta}$$

$$2x=\sqrt{x^2+x^2+2x^2\cos\theta}$$

$$2x^2=\sqrt{2x^2+2x^2\cos\theta}$$

$$2x^2=\sqrt{2x^2(1+\cos\theta)}$$

Squaring Both side

$$4x^2=2x^2(1+\cos\theta)$$


$2=1+\cos\theta$

$1=\cos\theta$

$\cos\theta=\cos\theta$


$\boxed{\theta=0}$

- **सदिश का वियोजन (Dissociation of Vector) :** जब दो सदिश का परिणामी दिया हो तो x अक्ष y अक्ष पर मान ज्ञात करने के लिए
  x अक्ष के लिए $R\cos\theta$
  y अक्ष के लिए $R\sin\theta$




**Q. 50N का एक बल 30 अंश के कोण पर कार्य कर रहा है। x तथा y पर परिणामी ज्ञात करें।**

**Sol$^n$ :**





X अक्ष $=R\cos\theta$ | Y अक्ष $=R\sin\theta$

$50\cos 30$ | $50\sin 30$

$50\frac{\sqrt{3}}{2}$ | $50\times\frac{1}{2}$

$25\sqrt{3}N$ | $=25\ N$

**Q. 80 m/s के वेग से गतिशील एक वस्तु 45 अंश के कोण पर गतिशील है तो x तथा y अक्ष का मान ज्ञात करें।**




x अक्ष $=R\cos\theta$ | y अक्ष $R\sin\theta$

$80\times\cos 45$ | $80\times\sin 45$

$80\times\frac{1}{\sqrt{2}}$ | $80\times\frac{1}{\sqrt{2}}$

$2\times 40\times\frac{1}{\sqrt{2}}$ | $2\times 40\times\frac{1}{\sqrt{2}}$

$40\sqrt{2}\ N$ | $40\sqrt{2}\ N$

**Remarks :** दो भिन्न- भिन्न सदिश का परिणामी कभी भी शून्य नहीं हो सकता और न ही ऋणात्मक।

$A=5N$

$B=12N$

$Max=A+B=17$

$Min=A-B=-7$ ✗


$B-A=7$ ✔

- इकाई सदिश (Unit Vector) = इकाई सदिश दिशा को दिखाते हैं।

x अक्ष $=\hat{i}$

y अक्ष $=\hat{j}$

z अक्ष $=\hat{k}$




- **इकाई सदिश का परिणामी**

**Q. एक वस्तु का वेग $12\hat{i}+5\hat{j}$ है तो परिणामी ज्ञात करें।**

$$R=\sqrt{A^2+B^2}$$

$$=\sqrt{12^2+5^2}=\sqrt{144+25}=\sqrt{169}=13 \text{ इकाई}$$

**Q. एक वस्तु का $10\hat{i}+5\hat{j}+3\hat{k}$ है तो परिणामी ज्ञात करें।**

$$R=\sqrt{A^2+B^2+C^2}$$

$$=\sqrt{10^2+5^2+3^2}$$

$$=\sqrt{100+25+9}$$

$$=\sqrt{134}\text{ इकाई}$$

BY KHAN SIR ( मानचित्र विशेषज्ञ )

## सदिशों का गुणनफल
## (Multiplication of Vector)

**(A) सदिशों का अदिश गुणनफल :** सदिशों के अदिश गुणनफल को Dot (·) से सुचित किया जाता है।

- यदि कोई दो सदिश A और B एक दूसरे से θ कोण पर हों, तो उनका **अदिश गुणनफल** dot product $\boxed{\vec{A}\cdot\vec{B}=AB\cos\theta}$
- सदिशों का अदिश गुणनफल एक अदिश राशि होता है।

**(B) सदिशों का सदिश गुणनफल :** सदिशों के सदिश गुणनफल को Cross (×) से सूचित किया जाता है।

- यदि कोई दो सदिश A और B एक दूसरे से θ कोण पर हो तो उनका सदिश गुणनफल–

  $\boxed{\vec{A}\times\vec{B}=AB\sin\theta}$ होता है।

❖ सदिशों का सदिश गुणनफल एक सदिश राशि होता है।

**Q. 20N तथा 5N के दो बल 30 अंश के कोण पर कार्य कर रहे हैं इनके सदिश तथा अदिश गुणन ज्ञात करें।**

| सदिश गुणन $=A\times B(\sin\theta)$ | अदिश गुणन $=A.B\cos\theta$ |
|---|---|
| $20\times5\sin30$ | $20\times5\cos30$ |
| $20\times5\times\frac{1}{2}$ | $20\times5\times\frac{\sqrt{3}}{2}$ |
| $50$ | $50\sqrt{3}$ |

**Q. दो सदिश के सदिश गुणन तथा अदिश गुणन आपस में बराबर है।**

$A\times B=A.B$

$A.B\sin\theta=A.B\cos\theta$

$\frac{\sin\theta}{\cos\theta}=1$

$\tan\theta=1$ $\boxed{\theta=45}$

**Q. दो सदिश का सदिश गुणन उनके अदिश गुणन से $\sqrt{3}$ गुणा है कोण ज्ञात करें–**

सदिश गुणन = अदिश गुणन $\times\sqrt{3}$

$A\times B=A.B.\sqrt{3}$

$A.B.\sin\theta=A.B\cos\theta\times\sqrt{3}$

$\frac{\sin\theta}{\cos\theta}=\sqrt{3}$

$\tan\theta=\sqrt{3}$ $\boxed{\theta=60}$

**Q. बल तथा विस्थापन का अदिश गुणन कार्य होता है यदि बल 60° अंश पर 40N का लगे तो 2M विस्थापन पर कार्य बताएँ।**

$W=f\times s\cos\theta$ (×)

$W=f.s\cos\theta$ (✔)

$=40\times2\cos60=40\times2\times\frac{1}{2}=40=40\text{ J}$

**Q. बल द्रव्यमान तथा त्वरण का सदिश गुणन होता है। यदि 40 kg की वस्तु तथा 30° के कोण पर कार्य कर रहे 8 m/s² के त्वरण द्वारा उत्पन्न बल ज्ञात करें।**

$f=m\times a\sin\theta=40\times8\times\frac{1}{2}=160\text{ N}$

**Q. यदि बल $12\hat{i}$ हो तथा विस्थापन $20\hat{j}$ हो तो कार्य बताएं।**

$W=f.s$

$(12\hat{i})\times(20\hat{j})$ [∵ i तथा j के बीच $\theta=90°,\cos90°=0$]

$=0$

**Q. यदि बल $5\hat{i}+6\hat{j}+7\hat{k}$ हो तथा विस्थापन $3\hat{i}+4\hat{j}+5\hat{k}$ हो तो कार्य ज्ञात करें।**

$(5\hat{i}+6\hat{j}+7\hat{k})(3\hat{i}+4\hat{j}+5\hat{k})=15+24+35=74$

**Q. बल एक सदिश राशि है यदि द्रव्यमान $3\hat{i}$ तथा त्वरण $12\hat{i}$ हो तो बल ज्ञात करें।**

बल $=m\times a$

$(3\hat{i})\times(12\hat{i})$ [∵ i तथा j के बीच $\theta=0°,\sin0°=0$]

$=0$

## (Objective Questions) वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1. अदिश × अदिश = ?**
(a) सदिश (b) अदिश ✔ (c) (a) या (b) (d) इनमें से कोई नहीं

**2. सदिश × सदिश = ?**
(a) सदिश ✔ (b) अदिश (c) (a) या (b) (d) इनमें से कोई नहीं

**3. अदिश × सदिश = ?**
(a) सदिश (b) अदिश ✔ (c) (a) या (b) (d) इनमें से कोई नहीं

**4. अदिश राशि के उदाहरण है?**
(a) बल (b) त्वरण (c) तापमान ✔ (d) संवेग

**5. सदिश राशि के उदाहरण है ?**
(a) बल आघूर्ण ✔ (b) लंबाई (c) घनत्व (d) आवृत्ति

**6. निम्नलिखित में से किस समूह में सभी राशियाँ सदिश हैं ?**
(a) कार्य, ऊर्जा, बल (b) चाल, त्वरण, वेग
(c) वेग, त्वरण, बल ✔ (d) ऊष्मा, प्रकाश, विद्युत्

**7. समानांतर चतुर्भुज बल के नियम मूलतः कितने परिणाम की गणना के लिए प्रयुक्त किए जाते हैं ?**
(a) चार बल (b) तीन बल (c) दो बल ✔ (d) पाँच बल

**8. किसी सदिश का घटक होता है ?**
(a) सदा इसके परिणाम से कम
(b) सदा इसके परिमाण से अधिक
(c) सदा इसके परिमाण के बराबर
(d) सदिश के परिमाण के बराबर या इससे कम ✔

**9. दो सदिशों के गुणनफल से प्राप्त राशि होता है–**
(a) सदिश (b) अदिश
(c) (a) या (b) ✔ (d) इनमें से कोई नहीं

**10. शून्य परिणामी उत्पन्न करने के लिए समान परिमाण के आवश्यक सदिशों की न्यूनतम संख्या है ?**
(a) दो ✔ (b) तीन
(c) चार (d) चार से अधिक


BY KHAN SIR (मानचित्र विशेषज्ञ)

# रेखीय गति (LINEAR MOTION)




न्युनतम दूरी = विस्थापन (Displacement)

## दूरी (Distance)

किसी खास समय में चले गये पथ की कुल लंबाई को दूरी कहते हैं।

- दूरी एक "अदिश" राशि है।
- दूरी का S.I मात्रक "मीटर" होता है।

## विस्थापन (Displacement)

न्युनतम दूरी को विस्थापन कहते हैं।


- विस्थापन "सदिश" राशि है।
- विस्थापन का S.I मात्रक "मीटर" होता है।
- दूरी और विस्थापन का अनुपात हमेशा 1 से बड़ा या बराबर होता है।

$$\frac{\text{दूरी}}{\text{विस्थापन}} \geq 1$$

**Q. नीचे दिये गये चित्र में दूरी और विस्थापन का मान क्या होगा ?**


**Sol :** दूरी = 4 + 3 + 4 + 3 = 14m

विस्थापन= 5 + 5 = 10m




**Q. अगर कोई व्यक्ति किसी वृत्ताकार पथ पर 3½चक्कर लगाती है तो व्यक्ति द्वारा तय की गई दूरी और विस्थापन क्या होगा ? अगर वृत्ताकार पथ की त्रिज्या 10m हो ?**

**Sol :** विस्थापन = 10 + 10 = 14m




दूरी = $2\pi r \times (3½)$

$$= 2\times\frac{22}{7}\times10\times\frac{7}{2} = 220m$$


**Q. अगर किसी वस्तु को 5m की ऊँचाई तक फेंका जाता है और वह वस्तु पुनः पूर्वावस्था में आ जाती है, तो दूरी और विस्थापन का अनुपात क्या होगा ?**

**Sol :** विस्थापन = 0

दूरी = 10m

$$\frac{\text{दूरी}}{\text{विस्थापन}} = \frac{10}{0} = \infty \text{ or } 10:0$$

**Q. एक पिण्ड द्वारा 23 मीटर त्रिज्या तथा 144.51 मीटर परिधि वाले वृत्ताकार पथ पर एक चक्कर लगाता है तो दूरी और विस्थापन क्या होगा ?**




पिण्ड द्वारा तय की गई दूरी = वृत्ताकार पथ की परिधि

= 144.51 मीटर

एक चक्कर लगाने के बाद पिण्ड का विस्थापन = बिन्दु A से बिन्दु A तक की दूरी = 0 (शून्य)

➤ **दूरी तथा विस्थापन में अन्तर (Difference between Distance and Displacement) :**

| दूरी | विस्थापन |
|---|---|
| दूरी केवल परिमाण को करता है। | विस्थापन परिमाण तथा दिशा व्यक्त दोनों को व्यक्त करता है। |
| दूरी सदैव धनात्मक, शून्य होती है। | विस्थापन धनात्मक, ऋणात्मक तथा शून्य भी हो सकता है। |
| यह अदिश राशि है। | यह सदिश राशि है। |

## चाल (Speed)

एकांक समय में तय की गई दूरी को चाल कहते हैं।

$$\text{चाल} = \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}$$

❖ इसका S.I मात्रक = m/s होता है।

❖ यह एक 'अदिश' राशि है।

➤ **चाल तथा वेग में अन्तर (Differences between Speed and Velocity) :**

| चाल | वेग |
|---|---|
| चाल में केवल परिमाण होता है दिशा नहीं (अदिश राशि) | वेग में परिमाण के साथ-साथ दिशा भी होती है। (सदिश राशि) |
| किसी वस्तु की चाल उस वस्तु के परिमाण के बराबर या उससे भी अधिक हो सकती है। | किसी वस्तु के वेग का परिमाण उस वस्तु की चाल से अधिक नहीं हो सकता है। |
| किसी वस्तु द्वारा एकांक समय में तय की गयी दूरी को उस वस्तु की चाल कहते हैं। | किसी वस्तु द्वारा एकांक समय में तय किए गए विस्थापन को उस वस्तु का वेग कहते हैं। |

## वेग (Velocity)

एकांक समय में तय किए गए विस्थापन को वेग कहते हैं।

$$\text{वेग} = \frac{\text{विस्थापन}}{\text{समय}}$$

- इसका S.I मात्रक m/s होता है।
- यह एक "सदिश" राशि है।

वेग (Velocity)

| प्रारंभिक वेग | अंतिम वेग |
|---|---|
| (Intial Velocity) | (Final Velocity) |
| (u) | (v) |
| विराम से चलने पर u = 0 | रूकने या ब्रेक लगाने पर v = 0 |

## त्वरण (Acceleration)

वेग में परिवर्तन की दर को त्वरण कहते हैं।

$$\text{त्वरण} = \frac{\text{वेग में परिवर्तन}}{\text{समय}}$$

$$\boxed{a = \frac{v-u}{t}}$$

- त्वरण का S.I मात्रक $= \frac{ms^{-1}}{s} = ms^{-2}$
- त्वरण का विमा $= [LT^{-2}] = [M^0LT^{-2}]$
- +Ve त्वरण वेग को बढ़ाता है।
- त्वरण सदैव वेग में परिवर्तन लाता है।

## मंदन (Retardation)

वैसा त्वरण जो प्रति सेकेण्ड वेग को घटाता है उसे मंदन कहते हैं। मंदन का मान हमेशा ऋणात्मक होता है।

| | |
|---|---|
| $km/h \longrightarrow m/s \times \frac{5}{18}$ | छोटा करने के लिए छोटा से गुणा |
| $m/s \longrightarrow km/h \times \frac{18}{5}$ | बड़ा करने के लिए बड़ा से गुणा |

**Q. एक कार की चाल 5 second में 42 m/s से बढ़कर 77 m/s हो जाती है तो त्वरण ज्ञात करें।**

**Sol. :** $a = \frac{v-u}{t} = a = \frac{77-42}{5} = \frac{35}{5} = 7 m/sec^2$

**Q. एक स्कुटी की चाल 9 second में 92 m/s से घटकर 11 m/s रह जाती है तो त्वरण या मन्दन ज्ञात करें।**

**Sol. :** $a = \frac{v-u}{t} = \frac{11-92}{9}$

$= \frac{-81}{9} = -9 m/s^2 \text{ or } 9 m/sec^2$ (**मंदन**)

**Q. एक Car जिसकी चाल 60 m/s थी जिसे ब्रेक लगाकर 5 sec में रोक दिया जाता है तो त्वरण / मन्दन ज्ञात करें।**

**Sol. :** $u = 60$ $\qquad a = \frac{v-u}{t}$

$v = 0$ $\qquad a = \frac{0-60}{5}$

$t = 5$ $\qquad a = \frac{-60}{5}$

$a = ?$ $\qquad a = -12\ m/s^2$ or $12\ m/s^2$ (मंदन)

**Remark :** नीचे या ऊपर कर रही वस्तु में त्वरण g (9.8 $m/s^2$) के बराबर होता है।

* जब वस्तु नीचे गिर रही होती है तो +ve
* जब वस्तु ऊपर जा रही होती है तो –ve

**Q. मिनार से गिर रहा एक पत्थर का वेग 5 sec के बाद क्या होगा?**

**Sol. :** $g = \frac{v-u}{t} = 9.8 = \frac{v-0}{5}$

$v = 49.0\ m/s = 49\ m/s$

**Q. एक वस्तु को 10 m/s के वेग से ऊपर कि ओर फेंकते हैं 6 second के बाद इसका वेग क्या होगा ?**

**Sol. :** $g = \frac{v-u}{t}, -10 = \frac{v-10}{6},$

$-60 = v-10, v = -50 m/s$

●

BY KHAN SIR (मानचित्र विशेषज्ञ)